दैनिक
न्याय साक्षी




# नागरिक सुरक्षित एवं नियंत्रित चले तथा यातायात नियमों का पालन करें-कलेक्टर यशवंत कुमार

**रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज पुलिस सामुदायिक भवन में सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक दिन में 77 हजार लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए रायगढ़ पुलिस बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग का एक प्रमुख कार्य ट्रैफिक पुलिसिंग है। जहां सड़कों में जाम रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष कार्य किए जाते है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक सुरक्षित एवं नियंत्रित चले तथा बेल्ट लगाए एवं हेलमेट पहने। इन महत्वपूर्ण बातों की उपेक्षा करने के गंभीर परिणाम सामने आते है।

कलेक्टर ने किया सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ





कलेक्टर यशवंत कुमार ने कहा कि जितनी बीमारी से मृत्यु नहीं होती उतनी मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो जाती है। उन्होंने कहा कि तेज गति से गाड़ी न चलाएं एवं यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस जब ट्रैफिक नियमों की सख्ती करें तो हमें इसे समझने की आवश्यकता है, क्योंकि यह नागरिकों के हित में है। उन्होंने कहा कि ब्रेकर सांईटेफिक ढंग से बने होने चाहिए ताकि दुर्घटना न हो। उन्होंने कहा कि शाम को जाम होते ही पुलिस के जवान, ट्रैफिक पुलिस नियंत्रित करते है एवं दुर्घटना से बचाव करते है। उन्होंने इस जागरूकता अभियान के लिए पुलिस प्रशासन को बधाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने हेलमेट रैली को झण्डा दिखाकर रवाना किया।

पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने कहा कि नागरिकों द्वारा गाड़ी ओव्हरटेक करने तथा शराब पीकर गाड़ी चलाने से अधिक दुर्घटनाएं होती है। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का स्वयं पालन करें तथा मित्र एवं परिवारों को भी बताए। धीमे चले ओव्हरटेक न करें, लाईसेंस धारण करें तथा शराब पीकर गाड़ी न चलाए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लगातार इस तरह के जागरूकता अभियान चलाते रहेंगे। बेहतर यातायात व्यवस्था रायगढ़ को देने का प्रयास करेंगे।

नगर निगम के सभापति सलीम नियारिया ने कहा कि नगर निगम पुलिस प्रशासन एवं यातायात की टीम हफ्ते में एक दिन सड़क के प्रमुख मार्गो में निकले तथा जाम से मुक्ति दिलाने का कार्य करें। उन्होंने यातायात सप्ताह की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। सीएसपी सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि केवल कुछ असावधानी के कारण लोगों की मृत्यु हो जाती है, यह उनके बच्चों एवं परिजनों के लिए दुखदायी होता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी नागरिकों से निवेदन किया कि स्वयं सुरक्षित रहे एवं परिवार को भी सुरक्षित रखें। इस अवसर पर डीएसपी राजकुमार मिंज ने प्रतिवेदन का वाचन किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में प्रतिवर्ष 14500 सड़क दुर्घटना होती है जिसमें से 4000 लोग मारे जाते है एवं 13000 लोग गंभीर रूप से घायल होते है। उन्होंने बताया कि देश में प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटना होती है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सर्पदंश एवं पानी में डूबने से तीन लोगों की मृत्यु

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ अनुविभाग के तीन लोगों की प्राकृतिक आपदा के तहत सर्पदंश एवं पानी में डूबने से तीन लोगों की असामयिक मृत्यु हो गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के वारिसानों को 4-4 लाख रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम-सोखामुड़ा निवासी राहुल पैंकरा एवं बबलूसाय पैंकरा की 9 अगस्त 2018 को सर्पदंश के कारण मृत्यु होने पर उनकी माता उर्मिला पैंकरा को 4-4 लाख रुपए तथा ग्राम-उदउदा निवासी सुनील बैगा की 4 मई 2018 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता करमसाय बैगा को 4 लाख रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### अंतागढ़ टेपकांड : पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के दामाद डॉ पुनीत गुप्ता ने दिया इस्तीफा,

एफआईआर के बाद अग्रिम जमानत के लिए लगाई याचिका

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के दामाद डॉ पुनीत गुप्ता ने अंतागढ़ टेपकांड मामले पर एफआईआर दर्ज होने के बाद अपना इस्तीफा दे दिया है. सोमवार दोपहर को उन्होंने अपना इस्तीफा दे दिया. बता दें कि हाल ही में उन्हें दाऊ कल्याण सिंह सुपरस्पेलिटी हॉस्पिटल से अधीक्षक से हटाया था. इसके बदले में उन्हें मेडिकल कॉलेज में ओसीडी बनाया दिया था. रविवार को कांग्रेस प्रवक्ता और अधिवक्ता किरणमयी नायक ने डॉ पुनीत गुप्ता, पूर्व मंत्री राजेश मूणत, पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी, पूर्व विधायक अमित जोगी व पूर्व विधायक मंतूराम पवार के खिलाफ पंडरी थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी. इस एफआईआर के बाद डॉ पुनीत गुप्ता अस्पताल पहुंचे और अपना इस्तीफा डीन आभा सिंह को सौंप दिया. इस्तीफे के साथ ही उन्होंने नियमानुसार एक माह का वेतन अस्पताल में जमा कराया. फिलहाल डीन आभा सिंह ने डॉ पुनीत गुप्ता का इस्तीफा राज्य सरकार को भेज दिया है।

### राहुल गांधी आज पहुंचेंगे जगदलपुर, 30 मिनट के प्रवास के दौरान वरिष्ठ नेताओं से करेंगे मुलाकात

**जगदलपुर।** कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी बुधवार को विशेष विमान से जगदलपुर पहुचेंगे. यहां 30 मिनट के प्रवास के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर चर्चा करेंगे. इसके बाद सेना के हेलीकॉप्टर से ओडिसा के भवानीपटनम के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां वे सभा को संबोधित करेंगे. गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के लिए राहुल गांधी ने कांग्रेस का प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है. किसानों की ऋण माफी के मुद्दे पर छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश और राजस्थान में मतदाताओं से मिले व्यापक समर्थन को देखते हुए लोकसभा चुनाव में भी इस मुद्दे को भुनाने की तैयारी की जा रही है।

### पुरी, भुवनेश्वर एवं कोणार्क की यात्रा पर जायेंगे तीर्थयात्री

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजनान्तर्गत माह मार्च में रायगढ़ जिले के तीर्थयात्रियों को 14 से 17 मार्च तक पुरी, भुवनेश्वर एवं कोणार्क की यात्रा पर ले जाया जाएगा। यात्रा हेतु आवेदक शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम हो और किसी संक्रामक रोग से ग्रसित न हो। प्रथम बार तीर्थ यात्रा में जा रहे तीर्थयात्री को ग्राम पंचायत के सरपंच एवं नगरीय क्षेत्र की दशा में पार्षद का प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए उप संचालक समाज कल्याण कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

# तीन थाना क्षेत्रों से 16 जुआरी पकड़ाये

**रायगढ़।** थाना खरसिया स्टाफ द्वारा दिनांक 03.02.19 के शाम करीब 17:00 बजे मुखबिर सूचना पर ग्राम सोनबरसा के नया तलाब के पास जुआ खेल रहे व्यक्तियों को रेड कर पकडे, इस दौरान (1) तीजराम श्रीवास पिता शिवनारायण उम्र 30 वर्ष सा0 चपले (2) महेन्द्र पटेल पिता संतोष पटेल उम्र 23 वर्ष सा0 भैनापारा (3) खलेश्वर डनसेना पिता दुजराम उम्र 32 वर्ष निवासी गीधा कोडाभांठा (4) शोंभाराम बैरागी पिता अनुप दास उम्र 30 वर्ष सा0 चपले (5) चमार दास मंहत पिता संतदास उम्र 32 वर्ष सा0 आडाझर (6) चन्द्र कुमार साहू पिता ईश्वरी लाल उम्र 22 वर्ष सा0 बसनाझर को पकडे गये । जुआडियान के फड एवं पास से कुल 15100/ रूपये नगदी एवं 52 पत्ती तास जप्त किया गया है । जुआडियान के विरूद्ध थाना खरसिया में अप.क्र. 64/19 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है ।

वहीं दूसरी क्षेत्र जिला अस्पताल रायगढ़ में कार्यरत प्रधान आरक्षक नंद किशोर सारथी को दिनांक 03.02.19 के रात्रि मुखबिर से सूचना मिला कि जिला अस्पताल सुलभ के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं, सूचना पर प्रधान आरक्षक व हमराह स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर रेड किया गया मौके पर (1) दीपक कुमार नारणी पिता गणेश नारणी उम 30 वर्ष सा. कबीर चौक रायगढ (2) सुनील सिदार पिता चेतन लाल सिदार उम्र 23 वर्ष सा. टी.वी. टावर के पीछे रायगढ. (3) दिलीप साहु पिता रामाधार साहु उम्र 32 वर्ष सा. बेलादुला खर्राघाट (4) लाल बाबू पिता मोतीलाल साहु उम्र 42 वर्ष सा. खर्राघाट बेलादुला (5) मोह. सैय्यद अंसारी पिता मोह. यासीम उम्र 25 वर्ष सा. गांधीनगर रायगढ (6) विनय कबेलिया पिता बंशीलाल उम्र 35 वर्ष सा. संस्कार पब्लिक स्कुल के पास रायगढ जुआ खेलते पकडे गये जिनके पास एवं फड से जुमला 5980 रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्त किया गया है । आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र. 94/19 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

वहीं तीसरी क्षेत्र थाना पुसौर स्टाफ द्वारा दिनांक 03.02.19 को ग्राम कोसमंदा मण्डी तालाब के पीछे खेत पर जुआ खेल रहे व्यक्तियों को मुखबिर सूचना पर रेड कर पकडे ।

पकडे गये विरेन्द्र कुमार साव आ. लक्ष्मी नारायण साव उम्र 21 वर्ष, जगदीश प्रधान आ. पुरूषोत्तम प्रधान उम्र 28 वर्ष, तुलसी चौहान आ. जोग लाल चौहान उम्र 25 वर्ष, दिलीप प्रधान आ. रविशंकर प्रधान उम्र 40 वर्ष के फड एवं पास से जुमला रकम 5300 रूपये, 52 पत्ती तास, बोरा जप्त किया गया है । आरोपियों के विरूद्ध थाना पुसौर में अप.क्र. 24/19 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है ।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया कोड़ातराई में प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर तैयारियों का मुआयना

**रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने आज कोड़ातराई में 8 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के मद्देनजर तैयारियों का मुआयना किया।




SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री त्रयम्बक श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU






**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480